## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने प्याज पर निर्यात शुल्क चालीस प्रतिशत से घटा कर बीस प्रतिशत किया, बासमती चावल के निर्यात पर न्यूनतम मूल्य भी हटेगा
- मेरठ जिले में तीन मंजिला इमारत गिरने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत, अभी भी मलबे में दबे हैं लोग और मवेशी, राहत एवं बचाव कार्य जारी
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे गोरखपुर, दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में कहा–नाथ पंथ ने सबको जोड़ने और सम्मान देने का प्रयास किया
- प्रदेश के ग्यारह जिलों में बाढ़ जैसे हालात, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों में मध्यम से तेज वर्षा का जताया है अनुमान

**********

केन्द्र सरकार ने प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह निर्णय किसानों और प्याज से संबंधित अन्य क्षेत्रों के लिए भी लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से प्याज उत्पादक किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। श्री चौहान ने कहा कि इससे प्याज का निर्यात भी बढ़ेगा।

सरकार ने बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात पर न्यूनतम मूल्य भी पूरी तरह से हटाने का फैसला किया है। वर्तमान व्यवसायिक चिंताओं और चावल की पर्याप्त घरेलू उपलब्धता का आंकलन करने के बाद यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा सरकार ने खाद्य तेलों का आयात शुल्क भी शून्य से बढ़ा कर बीस फीसदी कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन निर्णयों को किसानों के हित में बताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा खाद्य तेलों के आयात शुल्क बढ़ाने,बासमती चावल से निर्यात शुल्क हटाने और प्याज के निर्यात शुल्क को घटाने के निर्णय से अन्नदाता किसान सीधे लाभान्वित होंगे।

**********

मेरठ जिले के लोहियानगर थानाक्षेत्र स्थित जाकिर कॉलोनी में कल एक तीन मंजिला मकान गिर जाने से उसके मलबे में दब कर 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हैं। अंतिम समाचार मिलने तक मलबे में करीब 3 लोग और कुछ मवेशी दबे हुए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से वहां राहत और बचाव कार्य जारी है। मकान में एक ही परिवार के करीब पंद्रह लोग रहते हैं। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

***जो इनके रिलेटिवस के द्वारा व फैमिली के द्वारा बताया गया इसमें टोटल पंद्रह लोग इनके द्वारा बताये गये जो घर में मौजूद थे तीन लोग उसी टाईम निकल गये थे। लगातार ऑपरेशन चल रहा है एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सभी प्रशासन पुलिस के लोग यहां पे है और कोशिश यही की जार रही है कि जल्दी से जल्दी इस रेस्क्यू ऑपरेशन को खतम करे और कोई भी जो व्यक्ति अंदर है। जल्दी से जल्दी से हॉस्पिटल पहुंचाये।***

हमारे संवाददाता ने बताया कि यह दुर्घटना कल शाम को हुई । मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के कार्य में बारिश की वजह से बाधाएं आईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और बचाव कार्य पर नजर रखे हुए हैं।

**********

देवघर से वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड राज्य के टाटानगर से करेंगे। प्रधानमंत्री टाटानगर पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ साथ भागलपुर दुमका हावड़ा, गया हावड़ा, देवघर वाराणसी, राउरकेला हावड़ा और ब्रह्मपुर टाटानगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन ट्रेन के परिचालन के बाद देवघर के बैद्यनाथ धाम, वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता के कालीघाट और बेलूर मठ में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कल आगरा से वाराणसी के बीच भी वंदे भारत ट्रेन सेवा का उद्घाटन प्रस्तावित है।

**********

रेलवे भर्ती बोर्ड की तरफ से निकाली गई आठ हजार एक सौ तेरह पदों की भर्तियों के लिए आवेदन कल से शुरू हो गये हैं। इन पदों के लिए तेरह अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकेंगे। इनके लिए वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिनकी उम्र 18 से लेकर 36 वर्ष तक है। आवेदक का स्नातक होना आवश्यक है। बोर्ड के अध्यक्ष ने आवेदकों से बिचौलियों, दलालों और जॉब रैकेट्स से सावधान रहने की अपील की है।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने दो अलग अलग कार्यक्रमों को संबोधित किया। उन्होंने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की पचपनवीं और महंत अवेद्यनाथ की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में सप्त दिवसीय पुण्यतिथि समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने भागवत कथा का शुभारंभ किया और कहा कि कथा अनेक प्रसंगों के साथ पुरातन परम्परा से हमे जोड़ती है। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा का नेतृत्व भी किया ।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में नाथ पंथ पर आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने विश्विद्यालय की शिक्षिका डॉ पद्मजा सिंह की पुस्तक नाथपंथ का इतिहास का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए  कि मुख्यमंत्री ने कहा कि नाथ पंथ की परंपरा ने जाति, मत, मजहब और भाषा का कभी अनादर नहीं किया और सब को जोड़ने व सम्मान देने का प्रयास किया।

***आप उत्तर भारत में भी आप आयेगें। आपको अलग अलग राज्यों में अलग–अलग चीजे देखने को मिलेगें। आप पूर्वी भारत में भी चले जाएगें तो पूर्वी भारत में भी इन सब बातों को पाओगे, त्रिपुरा में असम में बंगाल में यानी अगल–अलग राज्यों में आपकों इस बारे में अलग–अगल चीजे देखने को मिलेंगी और उन बातों को आप देखगें तो ये बातें हमारा ध्यान आकर्षित करती हैं एक तो पंथ का विस्तार वह वृहत्तर भारत में के अंदर आपको देखने को मिलेगा।***

मुख्यमंत्री ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि सप्ताह से जुड़े समसामयिक विषयों के सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता भी करेंगे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे।

**********

पिछले कई दिनों से हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा नदी अलग–अलग स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई हैं। फर्रुखाबाद में गंगा नदी, लखीमपुर में शारदा और बलरामपुर में राप्ती नदी खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे है। इसके अलावा बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने से अमरोहा में गंगा नदी उफान पर है। प्रदेश के 11 जनपदों में बाढ़ जैसे हालात हैं। उधर, प्रयागराज में गंगा–यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार रात बड़े हनुमान मंदिर परिसर में गंगा जल का प्रवेश हो गया। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट

***गंगा–यमुना का जलस्तर बढ़ने से संगम क्षेत्र लबालब हो गया है। जलस्तर बढ़ने के कारण बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर और नए घाटों का कार्य रोक दिया गया है। इसके अलावा सलोरी और राजापुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से शोधित पानी की निकासी रोक दी गई है।  इस साल दूसरी बार गंगानदी का जल बड़े हनुमान मंदिर में प्रवेश कर गया। संगम सहित अन्य घाटों पर जल स्तर बढ़ने से देश के कोने–कोने से आने वाले शद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ी हैं। संगम क्षेत्र पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को बांध पर ही स्नान करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं सुरक्षा के मद्देनजर नजर गंगा के सभी घाटों पर जल पुलिस की कंपनियां तैनात कर दी।  प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में 48 घंटों के भीतर मध्यम से तेज वर्षा की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि गोरखपुर और बस्ती मंडल समेत आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

**********

प्रदेश के सभी जनपदों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें दीवानी, आपराधिक और राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। मऊ में लोक अदालत में चौवालीस हजार चौरासी, जौनपुर में सैंतीस हजार दो सौ इक्यावन और सुल्तानपुर में चौवालीस हजार आठ मामलों का निस्तारण किया गया।

**********